

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**VALUES OF DIVERSITY AND INCLUSIVENESS DEFINE INDIAN DIASPORA: LOK SABHA SPEAKER/विविधता और समावेशिता भारतीय समुदाय की विशेषता है: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**ACHIEVEMENTS OF INDIAN DIASPORA, SOURCE OF PRIDE FOR ALL INDIANS: LOK SABHA SPEAKER/भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों पर सभी भारतीयों को गर्व है: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**NEW INDIA IS VIBRANT WITH ENERGY AND OPPORTUNITIES: LOK SABHA SPEAKER/नए भारत में अपार ऊर्जा और अवसर हैं: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**LOK SABHA SPEAKER ADDRESSES MEMBERS OF INDIAN DIASPORA IN GENEVA/भारत से जानने की उत्सुकता: विश्व की कई ससदों के अध्यक्षों ने श्री बिरला से मुलाकात की।**

…

**SHRI BIRLA MEETS SPEAKERS OF WORLD PARLIAMENTS; SHARES INDIA'S BEST PRACTICES AND INNOVATIONS/लोक सभा अध्यक्ष ने जिनेवा में भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया**

….

**Geneva/New Delhi 15 October 2024:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla who is leading an Indian Parliamentary Delegation (IPD) to the 149th Inter Parliamentary Union (IPU) addressed members of the Indian Diaspora in Geneva, yesterday.

Speaking on the occasion, Shri Birla underlined India's active participation in the 149th IPU Assembly. He noted that the Assembly not only underscores the strength of India's parliamentary diplomacy but also highlights India's pivotal role in global dialogue aimed at addressing common global challenges.

Praising the skill, talent, and commitment of the Indian Diaspora, recognizing their potential as the nation's strongest brand ambassadors and noting their ability to foster familial relationships and harmony wherever they reside, Shri Birla emphasized the values of diversity and inclusiveness that define the Indian community. He highlighted India's leadership in confronting global challenges, attributing this confidence to both strong leadership and the power of its citizens and Diaspora.

Shri Birla opined that the Indian community in Geneva exemplifies the love for India and their contributions to the local economy and cultural heritage. He commended the NRI Community for promoting India's rich traditions and values, thereby enhancing the nation's global image. He observed that their achievements across various sectors—such as business, education, science, technology, and the arts—serve as a source of pride for all Indians.

Acknowledging the longstanding cordial relations between India and Switzerland, rooted in shared values such as non-alignment and neutrality, Shri Birla recalled the historical instances of cooperation between the two countries. He added that Indo-Swiss collaboration has flourished in areas including trade, investment, technology, education, and the environment. Speaking about the economic ties between India and Switzerland, Shri Birla observed that the signing of the Trade and Economic Partnership Agreement between EFTA countries, including India and Switzerland, is a significant step toward mutual economic development and job creation. He noted that India, as one of the youngest and fastest growing nations in the world, is vibrant with energy and opportunities. He added that over the past decade, substantial progress has been made, lifting 250 million people out of poverty.

KEENNESS TO LEARN FROM INDIA: SHRI BIRLA SHARES PERSPECTIVES ON PARLIAMENTARY WORK WITH SPEAKERS OF WORLD PARLIAMENTS

When the heads of Parliaments of various countries met Lok Sabha Speaker Shri Om Birla, they were eager to know the nuances of running the vibrant Parliament of world's largest democracy. While some Speakers asked him how he had used IT and AI in functioning of Indian Parliament, others were keen to know about his initiatives to reform practice and procedures. Many others enquired about his initiatives of making judicious use House time. Several Speakers appreciated his efforts to establish amiable relations with Members of Parliament.

## LOK SABHA SPEAKER MEETS SPEAKER OF THE NATIONAL ASSEMBLY OF SEYCHELLES

During his visit to Geneva for the 149th IPU Assembly, Lok Sabha Speaker, Shri Om Birla held bilateral talks with Speaker of the National Assembly of Seychelles H.E. Mr. Roger Mancienne. Noting India's historically friendly and cordial relations with Seychelles, Shri Birla said that the relations between the two countries are built on a foundation of mutual trust and shared values of democracy and inclusiveness. He added that the partnership between India and Seychelles is inspired by the common objectives of global peace with equality, democratic governance, market economy, and pluralistic society. Shri Birla also noted the key contributions of Indian expatriates in the development and growth of Seychelles. He added that Indians always uphold the heritage and spirit of Vasudhaiva Kutumbakam around the world.

Expressing joy at the deep and cordial relationship between the parliaments of India and Seychelles, Shri Birla said the shared vision of democratic values is evident in the two countries' overall efforts. Shri Birla also expressed satisfaction at the regular exchange of Delegations between the countries. He recalled with happiness the 2017 visit of the Seychelles Parliamentary Delegation to the Parliament of India. Shri Birla added that visits between the parliamentary delegations of the two countries have given a new dimension to mutual relations.

## LOK SABHA SPEAKER MEETS SPEAKER, SPEAKER OF THE CONSULTATIVE ASSEMBLY OF OMAN STATE COUNCI

Lok Sabha Speaker Shri Om Birla met Speaker of the Consultative Assembly of Oman State Council, HE. Mr. Khalid Al Mawali, on the sidelines of 149th Assembly of Inter-Parliamentary Union (IPU) in Geneva.

Speaking on this occasion, Shri Birla noted that Oman is geographically India's closest neighbour in the Gulf region and both India and Oman have shared a deep

friendship for centuries which is reflected in trade, culture, and common priorities of both the countries.

Mentioning about the journey and strength of democracy, Shri Birla observed that as the largest democracy in the world, India has not only maintained the highest standards of democratic conduct but has also set new paradigms for the entire world. Voting in India is not just a process; it is the grand festival of our democracy, he added. Today, India is not only conducting the world's largest electoral process but people's participation in it is also increasing. Transparency in our elections and efficiency in the electoral process have increased, Shri Birla further noted.

Referring to Indians as the bridge of friendship between India and the Gulf countries, Shri Birla opined that they were a living example of the close ties and friendship between India and the Gulf countries. He stressed on high level dialogue between the two countries at regular intervals for enhancing mutual dialogue and cooperation. Trade, economic and social ties between the two countries have been strengthened and historical ties have also gained a new momentum which have the potential to reach new heights, he observed. Shri Birla called for sharing best parliamentary traditions, practices and working systems with each other which will help in making the democratic system better and more accessible to the people. He also invited the legislators and officials of Oman to avail the capacity building programmes conducted by PRIDE.

LOK SABHA SPEAKER MEETS SPEAKER OF THE NATIONAL ASSEMBLY OF NAMIBIA

During the 149th IPU Assembly Lok Sabha Speaker Shri Om Birla held a bilateral meeting with the Speaker of the National Assembly of Namibia (SWAPO) Mr. Peter Katjavivi. Speaking on the occasion, Shri Birla underlined the historical, friendly and cordial relations between the two countries. He added that the struggle against colonialism and commitment to democracy are shared values of the two countries.

Mentioning India’s democratic heritage, Shri Birla underscored that as the world's largest democracy, India's parliamentary structure is based on inclusivity, transparency and accountability. Shri Birla noted that Parliaments play an important role in strengthening bilateral relations. He added that through parliamentary diplomacy two countries can enhance cooperation in the areas of legislative processes, governance and capacity building.

Reiterating India’s position that India has always been committed to meeting the humanitarian needs of friendly countries in times of disaster, Shri Birla opined this policy of India reflects the strengthening of understanding and partnership between the two countries. India is committed to further strengthening the relations between India and Namibia, he added.

Calling for further strengthening parliamentary cooperation between India and Namibia, Shri Birla hoped that parliamentary cooperation between the two countries will reach new heights through parliamentary exchanges of practices, procedures and best legislative practices.

LOK SABHA SPEAKER MEETS IPU PRESIDENT

On the sidelines of the 149th Inter Parliamentary Union (IPU) Assembly in Geneva, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla met the President of the IPU H.E. Ms. Tulia Ackson.

Recalling his previous meeting with H.E. Ms. Ackson in New Delhi, he congratulated her on her leadership of the Inter-Parliamentary Union (IPU) and wished for the success of ongoing 149th Assembly. Shri Birla also recalled his previous visit to Tanzania in January 2023.

Emphasizing India's rich democratic heritage, Shri Birla stated that India not only the largest democracy but also the most diverse, with unparalleled geographic, religious, linguistic, cultural, and ethnic variety among its people and regions. He added that the principles of tolerance and pluralism are central to Indian society and guide its parliamentary system.

Shri Birla noted that India's long-standing membership in the IPU highlights its commitment to democratic governance and strengthening parliamentary institutions. He expressed confidence that over the past decade, India’s relations with the IPU have strengthened, and that they will continue to grow under the H.E. Ms. Ackson's leadership. Mentioning the efforts being undertaken by the Parliamentary Research and Training Institute for Democracies (PRIDE), Shri Birla informed that this key training institution of the Parliament of India, has trained parliamentarians from over 115 countries. He proposed developing an international resource center for IPU members using PRIDE’s expertise.

**जिनेवा/नई दिल्ली, 15 अक्तूबर 2024:** 149वीं अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) एसेम्बली में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल (आईपीडी) का नेतृत्व कर रहे लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने कल जिनेवा में भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, श्री बिरला ने 149वीं आईपीयू एसेम्बली में भारत की सक्रिय भागीदारी के बारे में बात करते हुए कहा कि यह एसेम्बली न केवल भारत की संसदीय कूटनीति की मजबूती को दर्शाती है, बल्कि साझा वैश्विक चुनौतियों के समाधान के उद्देश्य से वैश्विक संवाद में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को भी उजागर करती है।

श्री बिरला ने भारतीय प्रवासियों के कौशल, प्रतिभा और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि वे देश के ब्रांड एंबेसडर हैं और वे जिस देश में भी रहते हैं, वहाँ पारिवारिक संबंधों और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। श्री बिरला ने यह भी कहा कि विविधता और समावेशिता ही भारतीय समुदाय की विशेषता है। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के समाधान में भारत द्वारा निभाई जा रही अग्रणी भूमिका का उल्लेख करते हुए इस आत्मविश्वास का श्रेय सशक्त नेतृत्व तथा भारतवासियों और प्रवासियों की शक्ति और सामर्थ्य को दिया।

श्री बिरला ने कहा कि जिनेवा में रह रहे भारतीय समुदाय ने अपने देश के लिए प्रेम के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था तथा सांस्कृतिक विरासत में योगदान का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। अध्यक्ष महोदय ने भारत की समृद्ध परंपराओं और मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए एनआरआई समुदाय की सराहना की और कहा कि इससे विश्व में देश की छवि बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि व्यवसाय, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारतवंशियों की उपलब्धियों पर सभी भारतीयों को गर्व है।

भारत और स्विट्जरलैंड के बीच गुटनिरपेक्षता और तटस्थता जैसे साझा मूल्यों पर आधारित दीर्घकालिक सौहार्दपूर्ण संबंधों की बात करते हुए श्री बिरला ने दोनों देशों के बीच सहयोग का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्रों में भारत-स्विस सहयोग बढ़ रहा है। भारत और स्विट्ज़रलैंड के बीच

आर्थिक संबंधों के बारे में बात करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारत और स्विट्जरलैंड सहित ईएफटीए देशों के बीच व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर, पारस्परिक आर्थिक विकास और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे युवा और तेजी से प्रगति कर रहे देशों में से एक,  भारत में अपार ऊर्जा और अवसर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में हुई प्रगति से 250 मिलियन लोगों की गरीबी दूर हुई है।

इस बात का उल्लेख करते हुए कि हाल में भारत में हुए बदलावों का श्रेय विशेष रूप से रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों में नई सोच और दृष्टिकोण को जाता है, श्री बिरला ने कहा कि भारत डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी है, जिससे समानता को बढ़ावा मिला है; भ्रष्टाचार कम हुआ है और साथ ही देश में विभिन्न क्षेत्रों में शोध और नवाचार में प्रगति हुई है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि भारत के स्टार्टअप और यूनिकॉर्न को विश्व में मान्यता प्राप्त हो रही है। श्री बिरला ने यह भी कहा कि भारत का विकास आर्थिक आंकड़ों से कहीं बढ़कर है और इसमें "मेक इन इंडिया", "डिजिटल इंडिया" और "स्किल इंडिया" जैसी पहलों के माध्यम से 'विकसित, मजबूत और आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य प्राप्त करने के साथ समावेशी विकास की प्रतिबद्धता शामिल है, जिससे देशवासी अधिकारसम्पन्न होंगे और राष्ट्र की प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा।

श्री बिरला ने प्रवासियों को दशहरा और दिवाली की शुभकामनाएँ देते हुए अपनी बात समाप्त की।

भारत से जानने की उत्सुकता:  विश्व की कई ससदों के अध्यक्षों ने श्री बिरला से मुलाकात की   जेनेवा में आयोजित इंटर-पार्लियामेंटरी यूनियन के सम्मलेन के   दौरान जब विभिन्न राष्ट्रों के संसद प्रमुखों ने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला से  मुलाकात की तो वे बातचीत के दौरान  बिरला से उनकी कार्यप्रणाली का राज जानने को उत्सुक नजर आये।  किसी ने उनसे पूछा उन्होंने संसदीय प्रणाली में सुधार कैसे किये, किसी ने जानना चाहा कि प्रक्रियाओं को प्रभावी बनाने में वे नई तकनीकी  को उपयोग कैसे ले पा  रहे हैं। कोई उनकी

सदन में चर्चा का समय बढ़ाने की उपलब्धि का कायल था, तो कोई सांसदों के साथ आत्मीय संबंध बनाने के गुर का!

लोक सभा अध्यक्ष ने सेशेल्स की नेशनल असेंबली के स्पीकर से मुलाकात की

149वीं आईपीयू असेंबली में भाग लेने के लिए अपनी जिनेवा यात्रा के दौरान, लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने सेशेल्स की नेशनल असेंबली के स्पीकर, महामहिम श्री रोजर मैनसिएन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

सेशेल्स के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि दोनों देशों के संबंध परस्पर विश्वास तथा लोकतंत्र और समावेशिता के साझा मूल्यों की बुनियाद पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स के बीच भागीदारी समानता, लोकतांत्रिक शासन प्रणाली, बाजार अर्थव्यवस्था और बहुलवादी समाज के साथ वैश्विक शांति के साझा उद्देश्यों से प्रेरित है। श्री बिरला ने सेशेल्स के विकास और प्रगति में भारतीय प्रवासियों के प्रमुख योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीयों ने पूरी दुनिया में वसुधैव कुटुम्बकम की विरासत और भावना को कायम रखा है।

भारत और सेशेल्स की संसदों के बीच गहरे और सौहार्दपूर्ण संबंधों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि दोनों देशों के समग्र प्रयासों में लोकतांत्रिक मूल्यों का साझा दृष्टिकोण स्पष्ट है। श्री बिरला ने दोनों देशों के बीच शिष्टमंडलों के नियमित आदान-प्रदान पर भी संतोष व्यक्त किया। उन्होंने 2017 में सेशेल्स संसदीय शिष्टमंडल की भारत की संसद की यात्रा का उल्लेख किया। श्री बिरला ने कहा कि दोनों देशों के संसदीय शिष्टमंडलों की यात्राओं से आपसी संबंधों को एक नया आयाम मिला है।

लोक सभा अध्यक्ष ने ओमान स्टेट काउंसिल की कंसलटेटिव एसेम्बली के स्पीकर से मुलाकात की

लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 149वीं एसेम्बली के अवसर पर ओमान स्टेट काउंसिल की कंसलटेटिव एसेम्बली के स्पीकर, महामहिम श्री खालिद अल मावली से मुलाकात की।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि ओमान भौगोलिक दृष्टि से खाड़ी क्षेत्र में भारत का निकटतम पड़ोसी है तथा भारत और ओमान के बीच सदियों से गहरी मित्रता रही है, जो दोनों देशों के व्यापार, संस्कृति और समान प्राथमिकताओं में परिलक्षित होती है।

भारत में लोकतंत्र की सफल यात्रा और सुदृढ़ता का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत ने न केवल लोकतांत्रिक आचरण के उच्चतम मानदंडों को कायम रखा है, बल्कि पूरे विश्व के लिए नए प्रतिमान भी स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत में मतदान केवल एक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि हमारे लोकतंत्र का महापर्व है। आज भारत न केवल दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया का सफलतापूर्वक आयोजन कर रहा है, बल्कि इसमें लोगों की भागीदारी भी बढ़ रही है।

श्री बिरला ने आगे कहा कि हमारे चुनावों में पारदर्शिता और चुनावी प्रक्रिया की दक्षता बढ़ी है।

भारत और खाड़ी देशों के बीच मैत्री के सेतु के रूप में कार्य कर रहे भारतवंशियों के बारे में बात करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारतीय मूल के लोग भारत और खाड़ी देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों और मैत्री का जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच आपसी संवाद और सहयोग को बढ़ाने के लिए नियमित अंतराल पर उच्च स्तरीय चर्चाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक, आर्थिक और सामाजिक संबंध मजबूत हुए हैं और ऐतिहासिक संबंधों को भी नई गति मिली है। श्री बिरला ने दोनों देशों के बीच सर्वोत्तम संसदीय परंपराओं, प्रथाओं और कार्य प्रणालियों के आदान-प्रदान का आह्वान किया, जिससे लोकतांत्रिक प्रणाली को बेहतर और लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाने में मदद मिलेगी । उन्होंने ओमान के विधायकों और अधिकारियों को PRIDE द्वारा संचालित क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया।

लोक सभा अध्यक्ष ने नामीबिया की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष से मुलाकात की

149वीं आईपीयू असेंबली के दौरान लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने नामीबिया की नेशनल असेंबली (SWAPO) के स्पीकर, श्री पीटर कजाविवि के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस अवसर पर श्री बिरला ने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देशों ने उपनिवेशवाद के विरुद्ध संघर्ष किया और लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाई है।

भारत की लोकतांत्रिक विरासत के बारे में बात करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, भारत का संसदीय ढांचा समावेशिता, पारदर्शिता और जवाबदेही पर आधारित है। श्री बिरला ने यह भी कहा कि संसदें द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय कूटनीति के माध्यम से दोनों देश विधायी प्रक्रियाओं, शासन और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा सकते हैं।

आपदा के समय मित्र देशों की मानवीय जरूरतों को पूरा करने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत की यह नीति दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों और साझेदारी की मजबूती की परिचायक है। उन्होंने कहा कि भारत नामीबिया के साथ अपने संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत और नामीबिया के बीच संसदीय सहयोग को और सशक्त करने का आह्वान करते हुए, श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि संसदीय पद्धतियों, प्रक्रियाओं और सर्वोत्तम विधायी प्रथाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से दोनों देशों के बीच संसदीय सहयोग नई ऊंचाइयों को छुएगा।

लोक सभा अध्यक्ष ने आईपीयू की प्रेसिडेंट से मुलाकात की

जिनेवा में 149वीं अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) एसेम्बली के अवसर पर, लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की प्रेसिडेंट, माननीय सुश्री तुलिया एक्सन से मुलाकात की।

नई दिल्ली में माननीय सुश्री एक्सन के साथ हुई पिछली मुलाकात का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने उन्हें अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के नेतृत्व के लिए बधाई दी और 149वीं एसेम्बली की सफलता की कामना की। श्री बिरला ने जनवरी 2023 में तंजानिया की अपनी पिछली यात्रा का भी स्मरण किया।

भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक विरासत के बारे में बात करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारत न केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि यहाँ सबसे अधिक भौगोलिक, धार्मिक, भाषाई, सांस्कृतिक और जातीय विविधता भी है। उन्होंने कहा कि सहिष्णुता और बहुलवाद के सिद्धांत भारतीय समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं और हमारी संसदीय प्रणाली के मार्गदर्शक हैं।

श्री बिरला ने कहा कि आईपीयू में भारत की दीर्घकालिक सदस्यता लोकतांत्रिक शासन और संसदीय संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में आईपीयू के साथ भारत के संबंध मजबूत हुए हैं और विश्वास व्यक्त किया कि माननीय सुश्री एक्सन के नेतृत्व में ये संबंध और मजबूत होंगे। संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने बताया कि भारत की संसद के इस प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान ने 115 से अधिक देशों के सांसदों को प्रशिक्षित किया है। उन्होंने प्राइड की विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए आईपीयू सदस्यों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संसाधन केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा।